दिनांक: 30.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे ,d iM ek d uke अभियान में बढ–चढकर भागीदारी निभाएं और पेरिस ओलंपिक की तैयारियों मे जुटे भारतीय खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए g'kVx ph;j Qkj Hkkjr सोशल मीडिया अभियान में शामिल होकर उत्साह वर्धन करें। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जरिये वे फरवरी के बाद फिर से देशवासियों के बीच आए हैं।

उन्होंने दुनिया के सबसे बडे चुनाव कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए चुनाव आयोग और मतदान कर्मियों को बधाई देते हुए देशवासियों को संविधान और देश की लोकतंत्रिक व्यवस्थाओं पर अटूट विश्वास दोहराने के लिए धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा की जीवन में मॉ का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। उन्होंने कहा कि जन्मदात्री का कर्ज चुकाया नही जा सकता, लेकिन उसके नाम एक पेड़ लगाकर यादों को सदैव साथ रखा जा सकता है।

श्री मोदी ने देश के विभिन्न अंचलों की संस्कृति और रीति रिवाज का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारतीय परम्परा और संस्कृति से परिचित हो रही हैं। उन्होंने दुनिया के दूसरे देशों का भारत और यहां की संस्कृति के प्रति आत्मियता का उल्लेख करते हुए कहा की इससे हर भारतीय को गर्व महसूस हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों मे जुटे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जतायी की इस बार खेलों में अलग रोमांच नजर आएगा। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहने की बात कही।

श्री मोदी ने देश–दुनिया में मनाए गये 10 वें योग दिवस के आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि योग दिवस ने कई शान्दार उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि वे योग को एक दिन का अभ्यास ना बनाकर नियमित रूप से योग करें।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जगन्नाथ यात्रा, अमरनाथ यात्रा तथा आने वाले पर्वो और त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि, सकारात्मक भावना के साथ जनभागीदारी के प्रयास आगे भी किये जाते रहेगें।

राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत आज 5 साल तक के बच्चों को पोलियों रोधी दवा पिलायी जा रही है। प्रदेश भर में एक करोड़ से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए साढे 61 हजार बूथ बनाए गए हैं। इस काम के लिए 77 हजार 500 से अधिक टीमें लगायी गयी हैं। राज्य में अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास से की। ज़िला मुख्याल्यों पर पोलियों रोधी दवा देने के लिए विशेष इन्तजाम किये गये है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित दो अभियानों LV,i Mk;fj;k vfHk;ku&202 और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत vkHkk vk!Mh "ukvk vfHk;ku का शुभारम्भ किया। 31 अगस्त तक चलने वाले स्टॉप डायरिया अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर पांच साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए स्वास्थ्य परामर्श, ओआरएस पैकेट और जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगे।
इससे दस्त संबंधी बीमारियों से बच्चों में होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम लगने की उम्मीद है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानि आभा आईडी का निर्माण किया जा रहा है।